दैनिक जागरण 09/02/2026

गांव खुड्डा कलां के नेत्र जांच शिविर में जांची लोगों की आंखें

अंबाला • (विज्ञप्ति): गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने गांव खुड्डा कलां में एलजे आइ इंस्टीट्यूट सुपरस्पेशलिटी आंखों के अस्पताल के सहयोग से निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सात दिवसीय विशेष कार्यक्रम का हिस्सा था।

कार्निया विशेषज्ञ डा. परनीत के नेतृत्व में उनकी टीम ने ग्रामीणों और बच्चों की आंखों की जांच की और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। डा. परनीत ने बताया कि शिविर में जांच करवाने वाले मरीजों को आगे भी निश्शुल्क फालोअप और उपचार की सुविधा मिलेगी। उन्होंने नियमित नेत्र परीक्षण, संतुलित जीवनशैली और मोबाइल के सीमित उपयोग पर जोर दिया। मौके पर विनोद विवास (जनरल मैनेजर, आपरेशंस), प्रीति श्रीधर (एडमिनिस्ट्रेटिव हेड), अर्चना शाइडर (हेड, सर्जरी मैनेजमेंट) और राजेश कुमार (हेड, सीएसआर) उपस्थित रहे।



गांव खुड्डा में आयोजित एनएसएस कैंप में शामिल विद्यार्थी व अन्य • सौजन्य विज्ञप्ति